झारखण्ड
JSPCB

झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद
JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD

T.A. DIVISION BUILDING (GROUND FLOOR), H.E.C., DHURWA, RANCHI -834004
Phone.: 0651-2400851/2400852/2400979/2401847, Fax-0651-2400850/138,
Web site : www.jspcb.nic.in; e-mail : ranchijspcb@gmail.com

पत्रांकः– PH/HBG/08/24/............. रॉंची, दिनांक..................................

प्रेषक,

आशुतोष,
पर्यावरण अभियंता–सह–
प्रशाखा प्रमुख, हजारीबाग।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
झारखण्ड सरकार, रॉंची।

विषयः **Lolo Stone Block of M/s Saboo Trade Agencies (Partner: Shri Nikhil Kedia), Village: Lolo, P.S.: Ramgarh, District: Ramgarh, Jharkhand (5.21 Ha) से संबंधित संलग्न सूचना प्रकाशन के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के प्रसंग में इस पर्षद से संबंधित संलग्न सूचना को निम्नलिखित स्थानीय समाचार पत्रों में जो **रामगढ़** जिला में पढ़ा जा सके, दर्शाये गये तिथि के अनुसार डी०ए०भी०पी० दर पर प्रकाशन कराया जाय। विज्ञापन सामग्री की एक सॉफ्ट कॉपी भी पत्र के साथ संलग्न की जा रही है।

1. प्रभात खबर, **रामगढ़** संस्करण – एक दिन प्रकाशन तिथि **06.02.2025**

2. हिन्दुस्तान टाईम्स, **रामगढ़ / रॉंची** संस्करण – एक दिन प्रकाशन तिथि **06.02.2025**

कृपया दर्शाये गये तिथि को (प्रथम एवं अंतिम पृष्ट को छोड़कर) 10cmx12cm में उपरोक्त दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन सुनिश्चित किया जाय। विज्ञापन प्रकाशन के पश्चात् विज्ञापित सामग्रियों की दो दो प्रति विपत्र के साथ संलग्न कर भुगतान हेतु प्रस्तुत करें। विज्ञापन का भुगतान डी०ए०भी०पी० दर पर किया जायेगा।

इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन निहित है।

अनु०ः– यथोपरि। विश्वासभाजन,

ह0 / –
(आशुतोष)
पर्यावरण अभियंता–सह–
प्रशाखा प्रमुख, हजारीबाग।

ज्ञापांकः– PH/HBG/08/24/...246... रॉंची, दिनांक...05/02/2025

<u>प्रतिलिपिः</u>– लेखाशाखा, मुख्यालय, रॉंची / श्रीमती रौशनी सिंह, सहायक / श्री एन0एच0 रिजवी, कम्प्यूटर ऑपरेटर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। श्री रिजवी को निदेश दिया जाता है कि विज्ञापन सामग्री Information and Public Relation Department, Govt.of Jharkhand के वेवसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

Ashutosh
05/02/2025
(आशुतोष)
पर्यावरण अभियंता–सह–
प्रशाखा प्रमुख, हजारीबाग।

झारखण्ड
JSPCB

झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद
JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD

T.A. DIVISION BUILDING (GROUND FLOOR), H.E.C., DHURWA, RANCHI -834004
Phone.: 0651-2400851/2400852/2400979/2401847, Fax-0651-2400850/138,
Web site : www.jspcb.nic.in; e-mail : ranchijspcb@gmail.com

लोक सुनवाई की सूचना

Lolo Stone Block of M/s Saboo Trade Agencies (Partner: Shri Nikhil Kedia), Village: Lolo, P.S.: Ramgarh, District: Ramgarh, Jharkhand (5.21 Ha) की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई की तिथि झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, द्वारा दिनांक **10.03.2025** (**दिन– सोमवार**) को पूर्वाहन् – **11:30** बजे **"स्थान - Near Mine Site, Village: Lolo, P.S-Ramgarh, District-Ramgarh, State-Jharkhand** में निर्धारित की गई है।

उक्त योजना के सम्भावित प्रभाव से प्रभावित होने वाले लोगों/नागरिकों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोक सुनवाई में उक्त तिथि, समय एवं स्थान पर आवश्यक रूप से भाग लें। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन F.No.-22-25/2020-IA.III दिनांक 09.06.2021 के अनुरूप Covid-19 के दौरान केन्द्र सरकार और/अथवा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर दिये गए दिशा–निर्देशों के आलोक में पर्याप्त समाजिक दूरी, फेस मास्क एवं अन्य सुरक्षा उपाय (Adequate Social Distancing, Face Mask and Other safe guards) का पालन करते हुए लोक सुनवाई में भाग लें। इसके अतिरिक्त वे अपना सुझाव, विचार, मंतव्य अथवा आपत्ति यदि हो तो लिखित रूप से उक्त लोक सुनवाई की तिथि से **एक सप्ताह पूर्व** तक झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, टी०ए० भवन, पोस्ट धुर्वा, राँची/जिले के उपायुक्त कार्यालय, **रामगढ़,** पर्षद के क्षेत्रीय कार्यालय, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, पी0टी0सी0 चौक, मटवारी रोड, हजारीबाग में उपलब्ध करा दें।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले किसी भी प्रकार की आपत्ति/सुझाव पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा। लोक सुनवाई की प्रक्रिया पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार की ई०आइ०ए० अधिसूचना संख्या एस०ओ० 1533 दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचना संख्या एस0ओ03067(ई०) दिनांक 01.12.2009 एवं कार्यालय ज्ञापन F.No.-22-25/2020-IA.III दिनांक 09.06.2021 के अनुरूप होगी।

यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त प्रोजेक्ट का ड्राफ्ट पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तथा इसके सारांश की एक एक हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ रखी रहेगी। साथ ही कार्यकारी सारांश भी इन कार्यालयों से ही प्राप्त किया जा सकता है।

1. उपायुक्त कार्यालय, **रामगढ़।**
2. जिला उद्योग केन्द्र, **रामगढ़।**
3. जिला पर्षद/नगर निगम, **रामगढ़।**
4. मुख्यालय, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, टी०ए० डिविजन भवन, पोस्ट– धुर्वा, **राँची।**
5. क्षेत्रीय कार्यालय, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, पी0टी0सी0 चौक, मटवारी रोड, हजारीबाग **–825310**
6. एकिकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, हरमु बाईपास रोड, राँची – 834 002
7. संबंधित पंचायत।
8. संबंधित प्रखण्ड विकास पदा०/अंचलाधिकारी कार्यालय, **रामगढ़।**

Ashutosh
05/02/2025
(आशुतोष)
पर्यावरण अभियंता।